卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 143 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦2 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# अतिक्रमण पर फिर गरजा पीला पंजा

## बागजाला में वनभूमि पर बने कई भवन ध्वस्त



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यहां गौलापार स्थित बागजाला में वन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से बने मकानों पर आज प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों द्वारा जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया। यह अभियान वन विभाग, प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से चलाया। जिसमें आज आठ अवैध निर्माणाधीन मकानों को जेसीबी से तोड़ा गया। यह सभी मकान वन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए थे। जिन्हें वही के रहने वाले कुछ लोगों ने स्टाम्प पर बेचा था। बताया जाता है कि विभाग द्वारा पूर्व में इन सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बाद आज यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एसडीएम परितोष वर्मा, एसपी क्राइम हरबंश सिंह, सीओ नितिन लोहनी, तहसीलदार सचिन कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस, प्रशासन और वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान एसडीएम पारितोष वर्मा ने बताया वन भूमि में अवैध मकान बने हुए थे जिसको खाली करने के लिए प्रशासन से सहयोग मांगा गया था। आज पुलिस व वन विभाग के साथ-साथ सँयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। इस दौरान लोगों ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का विरोध भी किया लेकिन भारी पुलिस बल के आगे उनकी नहीं चली। प्रशासन ने बागजाला में बने आठ मकानों को जमींदोज कर दिया। वन विभाग के एसडीओ ने कहा वन भूमि पर किसी भी तरह से अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। एसपी क्राइम हरबंस सिंह ने बताया कार्रवाई के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। प्रशासन वन भूमि को अवैध तरीके से बेचे जाने वाले भू माफिया पर शिकंजा कसने की तैयारी भी कर रहा है। गौरतलब हो कि रेलवे भूमि पर से अतिक्रमण हटाए जाने की सुगबुगाहट के पश्चात से ही तमाम लोगों की नजरें गौलापार वन भूमि पर टिकी हुई हैं। वहां पर अनेक लोगों द्वारा अतिक्रमण कर आशियाना भी बना लिया गया है और एक क्रम निरंतर जारी है।

# खेत से युवती को उठा ले गया गुलदार

## जंगल में मिले युवती के फटे हुए कपड़े, सर्च अभियान जारी



नैनीताल (उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में घर से एक युवती गायब हो गई। छानबीन करने के बाद पता चला कि युवती को तेंदुआ उठा ले गया। वन विभाग समेत ग्रामीणों ने जंगल में युवती की खोजबीन की मगर कुछ पता नहीं लग पाया है।जानकारी के अनुसार नैनीताल से करीब 21 किलोमीटर दूर स्थित तल्ला बगड़ के तोला गांव में एक युवती शुक्रवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। आ पास गुलदार के पैरों के निशान देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवती को तेंदुआ उठा ले गया है। वन विभाग समेत ग्रामीणों ने देर रात तक जंगल में युवती की खोजबीन की मगर उसका पता नहीं लग पाया है। ग्रामीणों ने जंगल में युवती के कपड़े और मोबाइल बरामद किया है। प्राप्त जानकारी मुताबिक 22 वर्षीय सुमन मेहरा पुत्री गोधन सिंह मेहरा शुक्रवार को घर में अकेली थी। उसके माता-पिता किसी काम से सौड़ गए थे। शाम को जब उसके माता-पिता घर पहुंचे तो सुमन नहीं दिखाई दी। खेत में बंधा कुत्ता घर पर मिला तो सुमन की मां की टेंशन बढ़ गई। जानकारी मिलने पर ग्रामीण भी एकत्र हो गये। ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की तो सुमन का फटा(शेष पृष्ठ सात पर)

# हादसे में बाइक सवार दो छात्रों की मौत



रूड़की। सड़क हादसे में बाइक सवार आईआईटी रुड़की के दो छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। साथ ही घटना की सूचना आईआईटी प्रशासन और परिजनों को दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे थाना कलियर क्षेत्र में कावड़ पटरी धनोरी उत्तरा टेक कॉलेज के पास एक मोटरसाइकिल साइकिल बुरी तरह दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक सवार दोनों गंभीर घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों उत्तराखंड आईआईटी रुड़की के पीएचडी के छात्र थे। मृतकों की पहचान 33 वर्षीय शशि गौरव पुत्र शशि भूषण सिन्हा निवासी ग्राम धनामा थाना परवलपुर जिला नालंदा बिहार और 34 वर्षीय कमलेश मीणा पुत्र बाबू लाल मीणा निवासी नीम का थाना राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टमके लिए भेज दिया है।

# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को छह माह का सेवा विस्तार

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का कार्यकाल एक अप्रैल से 30 सितंबर 2024 तक छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। वरिष्ठ आईएएस



अधिकारी राधा रतूड़ी प्रदेश की पहली महिला मुख्य सचिव हैं। हाल ही में उन्होंने मुख्य सचिव पद की कमान संभाल ली थी। 1988 बैच की रतूड़ी को पूर्व मुख्य सचिव डॉ.एसएस संध ने कार्यभार सौंपा था। राधा रतूड़ी अपर मुख्य सचिव पद पर थीं। वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भरोसेमंद अफसरों में मानी जाती हैं। रतूड़ी के पति अनिल कुमार रतूड़ी पुलिस महानिदेशक के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वे प्रदेश के पहले नौकरशाह दंपत्ति हैं, जिन्हें पुलिस और प्रशासन के सबसे बड़े ओहदे की कमान संभालने का अवसर मिला है। अपर मुख्य सचिव तक अपनी अभी (शेष पृष्ठ सात पर)

# कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक अब पांच मार्च को

देहरादून( उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन को लेकर कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक अब पांच मार्च को नई दिल्ली में होगी।



यह बैठक शनिवार को होनी थी। बैठक टलने की सूचना पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा रास्ते से ही वापस देहरादून लौट गए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता भक्त चरण दास की अध्यक्षता में गठित प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक नई दिल्ली में शुक्रवार को भी हुई थी। दूसरी बैठक शनिवार को होनी थी। जिसमें प्रत्याशी चयन को लेकर व्यापक मंथन किया जाना था। इस बैठक में भाग लेने के लिए शुक्रवार को देहरादून से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा दिल्ली रवाना (शेष पृष्ठ सात पर)



उठाला/रस्म पगड़ी

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चौनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूजनीय पति श्री अमर नाथ चुघ जी का स्वर्गवास दिनाँक 25/02/2024 को हो गया था। जिनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी दिनाँक 04.03.2024 दिन सोमवार** को दोपहर 1 से 2 बजे तक स्थान लक्ष्मी नारायण मन्दिर (पाँच मन्दिर) में सम्पन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

मनोज छाबड़ा (भांजा)
(महामंत्री व्यापार मण्डल, रुद्रपुर)
सचिन छाबड़ा (भांजा)
(अध्यक्ष देवभूमि व्यापार मण्डल, गंगापुर ईकाई)

**आशा रानी ( पत्नी )**
सुनील चुघ-रेखा चुघ(पुत्र-पुत्रवधु)
राजन चुघ (पुत्र)
खुशबू-दीपक नारंग (पुत्री-दामाद)

**एवं समस्त चुघ एवं कालरा परिवार**
फोन: 9917156222, 9917300785

# ‘शक्तिशाली भारतीयों’ की सूची में ‘धाकड़ धामी’ की ‘लंबी छलांग’

## भारत के ताकतवर लोगों की सूची में 61 वें स्थान पर पहुंचे धामी, पिछले वर्ष की तुलना में लगाई 32 अंकों की जबरदस्त छलांग

-अर्श-




रूद्रपुर। छोटे से पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी दूसरी पारी में एक के बाद एक नए कीर्तिमान स्थापित करते जा रहे हैं। सीएम धामी ने अब एक और नया रिकॉर्ड बनाया है। बताना होगा कि द इंडियन एक्सप्रेस द्वारा विगत दिनों जारी वर्ष 2024 के 100 सबसे शक्तिशाली भारतीयों की सूची में उत्तराखंड के मुखिया पुष्कर सिंह धामी को 61-वां स्थान हासिल हुआ है, लिहाजा सीएम धामी की धमक सोशल मीडिया पर एक बार फिर छा गई है और वह पिछले कुछ दिन से सोशल मीडिया पर जमकर ट्रेंड कर रहे हैं। ज्ञात हो कि वर्ष 2023 की 100 शक्तिशाली भारतीयों की सूची में धामी 93 वें स्थान पर थे, लेकिन हाल ही में उठाए गए साहसिक कदमों लिए की बदौलत उन्होंने देश के 100 शक्तिशाली भारतीयों की सूची में 32 अंकों की जबरदस्त छलांग लगाई है ।बताया जा रहा है कि धामी की रैंकिंग में पिछले वर्ष की तुलना में 32 अंकों का यह सुधार उन्हें उनके अपने सक्षम नेतृत्व और धाकड़ फैसलों की वजह से आया है। हाल ही में उन्होंने उत्तराखंड में न्ब्ब को लागू करने, हल्द्वानी हिंसा से दृढ़ता पूर्वक निपटने और सिलक्यारा सुरंग बचाव कार्यों में सक्रिय भागीदारी करके 41 श्रमिकों की जान बचाने जैसे उल्लेखनीय कार्य किए हैं ,जिससे उनका नेतृत्व और भी मजबूत होकर सामने आया है। बता दे कि विधानसभा में यूसीसी को पारित कराने का श्रेय भी उनको ही जाता है और अब यह माना जा रहा है कि यह कानून अन्य राज्यों और केंद्र सरकार के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगा। देखा जा रहा है कि धामी सरकार पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना रही है और इसी वजह से धामी शक्तिशाली भारतीयों में बड़ी लंबी छलांग लगाने में कामयाब हुए है। इसके साथ ही धामी सरकार को नकल विरोधी कानून बनाने, भ्रष्ट्राचार एवं अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान की वजह से भी एक खास तरह की लोकप्रियता विशेष मिली है। बात अगर वर्ष 2024 के सबसे पावरफुल व्यक्तियों की सूची की पहली 10 शख्सियत की करें, तो सबसे पावरफुल भारतीयों की लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तबदबा अभी भी कायम है और वह पहले की तरह सबसे शक्तिशाली भारतीयों की सूची में पहले स्थान पर बड़ी ही मजबूती से काबिज है। दूसरी ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी 2024 के 100 शक्तिशाली भारतीयों की सूची में 16वें स्थान पर और आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद (शेष पृष्ठ सात पर)

# बलूनी, त्रिवेंद्र, दीप्ति, रेखा पर भाजपा खेल सकती है दांव

## पहली लिस्ट में हो सकती है उत्तराखंड के भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा, तीन सीटों पर नाम फाईनल

देहरादून। लोकसभा चुनाव लड़ने की ख्वाहिश रखने वाले भाजपा के 55 दावेदारों की नजर नई दिल्ली में हो रही केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक पर लगी है। इस बैठक में उत्तराखंड की पांचों



लोस सीटों के लिए प्रत्याशी तय होने की संभावना जताई जा रही है। भाजपा के हलकों में यह चर्चा काफी तेज है कि प्रत्याशियों की घोषणा जल्द हो सकती है। यही वजह है कि लोकसभा सीटों पर पार्टी के पांचों सांसदों के दिलों की धड़कने पर तेज हो रही हैं। भाजपा ने उत्तराखंड की पांच में से तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर दिए हैं। तीनों सीटों पर उम्मीदवार रिपीट हो सकते हैं। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पांचों सीटों पर संभावित प्रत्याशियों को लेकर एक दौर का मंथन हो चुका है। दो अन्य लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नामों पर अभी सस्पेंस बना है। माना जा रहा कि पार्टी एक-दो दिन में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर देगी। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय नेतृत्व उत्तराखंड में पार्टी के विधायक को लोस चुनाव में उतारने का इच्छुक नहीं है। कुछ विधायकों ने भी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी की है। बहरहाल, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नई दिल्ली से लौटने के बाद प्रत्याशियों को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में भाग लिया था। उत्तराखंड के संबंध में हुई बैठक में प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम और प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार भी शामिल हुए थे। वे प्रदेश से तैयार किए गए पैनल पहले ही समिति को सौंप चुके थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में उत्तराखंड में पांचों सीटों पर संभावित प्रत्याशियों के नामों पर विचार हुआ। बताया जा रहा कि पांच में से तीन सीटों पर प्रत्याशियों के नाम पर सहमति बन गई है। संभावना जताई जा रही कि तीनों सीटों पर पार्टी मौजूदा सांसदों पर भी दांव लगाएगी, लेकिन दो सीटों अभी पेच फंसा है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय चुनाव समिति ने सीएम और प्रदेश अध्यक्ष से इन दोनों सीटों पर कुछ और सूचनाएं मांगी हैं। सूत्रों के मुताबिक, एक-दो दिन में पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। दो अन्य सीटों पर भी जल्द निर्णय होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के दौरान उत्तराखंड की एक-एक सीट राजनीतिक समीकरण, विपक्षी दलों की ताकत और कमजोरियों पर चर्चा हुई। केंद्रीय नेतृत्व ने कांग्रेस, सपा, बसपा समेत सभी दलों की कुंडली तैयार की है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक के दौरान इसका प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। ऐसे में इस बात की संभावना जताई जा रही कि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के दौरान एक बार फिर धामी और भट्ट से संभावित नामों पर चर्चा हो सकती है। चर्चा यह भी है कि भाजपा उन राज्यों की लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों के नाम तय कर सकती है, जहां पहले चरण में चुनाव होने की संभावना है। इन राज्यों में उत्तराखंड भी शामिल बताया जा रहा है। पहले चरण में करीब 125 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की संभावना जताई जा रही है। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर पार्टी नेतृत्व किन चेहरों पर दांव लगाएगा, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। पार्टी के कद्दावर नेताओं तक को नहीं मालूम कि अंतिम समय में पार्टी कौन सा चौंकाने वाले दांव चल दे, लेकिन सियासी हवाओं में कुछ सीटों पर जो नाम चल रहे हैं, उनमें पौड़ी गढ़वाल से अनिल बलूनी, त्रिवेंद्र सिंह रावत, दीप्ति रावत के नाम भी चर्चाओं में है। इसके अलावा अल्मोड़ा- पिथौरागढ़ सीट से रेखा आर्या के नाम की चर्चाएं हो रही हैं। इसके अलावा हरिद्वार लोस सीट से त्रिवेंद्र सिंह रावत की दावेदारी भी सुर्खियों में है। इन दावेदारियों के बीच अंतिम फैसला केंद्रीय नेतृत्व को देना है, इसलिए सबकी निगाहें नई दिल्ली पर लगी हैं।

## कांग्रेस हाईकमान जल्द पांचों सीटों पर प्रत्याशी घोषित करेगा : करन महारा

देहरादून। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस जल्द ही पांचों सीटों पर प्रत्याशी घोषित करेगी। बृहस्पतिवार को केंद्रीय स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भगत चरण दास की अगुवाई में प्रत्याशियों को लेकर बैठक हुई, जिसमें प्रत्याशियों को लेकर मंथन किया गया।दो मार्च को दोबारा से स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी। वहीं, प्रदेश प्रभारी शैलजा कुमारी के साथ चुनाव व बूथ प्रबंधन की रणनीति पर चर्चा की गई। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा मौजूद रहे।



लगभग डेढ़ घंटे चली बैठक में पांचों लोकसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों को लेकर चर्चा की गई। तय किया कि चुनाव में दमदार प्रत्याशी को मैदान में उतारा जाएगा। प्रत्याशियों को लेकर स्क्रीनिंग कमेटी ने पांचों सीटों में सर्वे किया है। बता दें कि पांचों सीटों पर 40 लोगों ने दावेदारी की है। हालांकि, कई बड़े नेता चुनाव लड़ने से इन्कार कर चुके हैं। उधर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शैलजा कुमारी के साथ तीन घंटे तक बैठक हुई, जिसमें चुनाव और बूथ प्रबंधन की रणनीति चर्चा हुई। प्रभारी ने प्रदेश अध्यक्ष माहरा से चुनाव की तैयारियों को लेकर फीडबैक लिया। साथ चुनाव में उठाए जाने वाले उत्तराखंड से संबंधित मुद्दों, प्रचार अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा, जल्द ही पांचों सीटों पर पार्टी हाईकमान प्रत्याशी घोषित करेगी। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में प्रत्याशियों को लेकर चर्चा हुई। दो मार्च को दोबारा से स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी।

# सीएम ने वृद्धावस्था, विधवा, एवं दिव्यांग पेंशन का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत दी जाने वाली वृद्धावस्था, विधवा, एवं दिव्यांग पेंशन का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 8 लाख 36 हजार 603 लाभार्थियों को 125 करोड़ रुपए की धनराशि बतौर पेंशन, वन-क्लिक व्यवस्था से भेजी। वन क्लिक माध्यम से माह फरवरी - 2024 की पेंशन में वृद्धावस्था पेंशन के 5 लाख 33 हजार 180 लाभार्थियों को कुल 79.97 करोड़, विधवा पेंशन के 2 लाख 12 हजार 30 लाभार्थियों को ₹31.80 करोड़ और दिव्यांग पेंशन के 91 हजार 393 लाभार्थियों को 13.70 करोड़ की धनराशि भेजी गई है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, कि राज्य सरकार ने पेंशन योजनाओं को सरल बनाने का कार्य किया है। साथ ही पूर्व में मिलने वाली धनराशि को 1200 से बढ़ाकर 1500 किया गया है। राज्य सरकार ने दोनों बुजुर्ग दंपतियों को पेंशन देने का कार्य भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में पेंशन का भुगतान 3-3 माह के अंतराल पर होता था, किन्तु अब प्रत्येक माह पेंशन सीधे लाभार्थियों के खाते में आएगी और इस योजना का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2023 से ही पेंशन योजना के समस्त आवेदन ऑनलाईन किए जाने की व्यवस्था की गई है। इससे पेंशन स्वीकृति में पारदर्शिता आई है एवं लाभार्थियों को भी अपने आवेदन की स्थिति जानने का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर सचिव बृजेश कुमार संत, प्रभारी निदेशक जीआर नौटियाल, उप निदेशक वासुदेव आर्य, मुख्य वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिंह सहायक निदेशक हेमलता पांडे, वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जिलों एवं ब्लॉकों के पेंशन लाभार्थी व अन्य लोग भी जुड़े थे।



# किच्छा में यातायात व्यवस्था को लेकर शख्त हुए कोतवाल

## सिडकुल कर्मचारियों को लाने ले जाने वाली बसों के स्थान किए निर्धारित टुक टुक चालकों एवं स्वामियों का भी होगा सत्यापन, रूट होंगे निर्धारित

किच्छा। शहर में नियुक्त नए कोतवाल सुंदरम शर्मा द्वारा अपनाए गए यातायात प्लान का असर अब दिखने लगा है। नए प्लान के तहत अब नगर में



कुछ हद तक जाम के झाम से निजात मिलना शुरू हो गया है। कोतवाली प्रभारी द्वारा लगातार नगर के सभी राजनीतिक, सामाजिक ,व्यापारिक, संगठनों से नगर में यातायात व्यवस्था, कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जहां बार-बार मंत्रणा की जा रही है,तथा कम्युनिटी ग्रुप के माध्यम से संदेश प्रचारित किया जा रहे हैं। उसी क्रम में बीते दिनों नगर व्यापार मंडल के साथ हुई एक बैठक में सिडकुल से आने और जाने वाली कर्मचारी बसों के स्थान भी निर्धारित कर दिए गए हैं। जिसके तहत सिडकुल जाने वाले कर्मचारियों को ले जाने वाली बसों को निर्धारित स्थान पर खड़ा करने के लिए प्रथम स्थान आवास विकास के प्रथम गेट को निर्धारित किया गया है।तथा दूसरा बिंदु आनंद धर्म कांटा रुद्रपुर रोड के पास बनाया गया है। जबकि तीसरा स्थान बंडिया के पास निर्धारित किया गया है।सभी सिडकुल कर्मचारी बसें अब इन्ही निर्धारित स्थान से कर्मचारियों को लाने ले जाने का कार्य करेंगी। इसके अलावा ये बसें अन्य किसी भी स्थान पर नहीं रुकेगी।जिस पर व्यापार मंडल ने पूर्ण सहमति व्यक्ति की है ।प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर महामंत्री विजय अरोड़ा ने भी कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा के इस कार्य को सराहनीय बताया है तथा कहा है कि कोतवाली प्रभारी द्वारा नगर में यातायात व्यवस्था को जिस तरह दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है यदि आम नागरिक ने भी नियमों का पालन किया तो नगर में लगने वाले जाम से पूर्ण रूप से निजात मिल जाएगी। इसके अलावा व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बजाज ने यातायात के रूट प्लानों की प्रशंसा की है। इसके अलावा कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने अब टुक टुक वाहनों पर भी यातायात नियमों के पालन करने का प्लान तैयार किया है। जिसमें सर्वप्रथम प्रत्येक टुकटुक चालक और टुकटुक का रजिस्ट्रेशन कोतवाली में किया जाएगा तथा उन्हें एक नंबर प्रदान किया जाएगा। जिसको नंबर दिया जाएगा वही टुकटुक चालक नगर में टुकटुक का संचालन कर सकेगा। उन्होंने बताया कि इससे एक तो सभी टुकटुक वाहन चालकों का सत्यापन हो जाएगा तथा आपराधिक पृष्ठभूमि के छुपे हुए अपराधियों की भी शिनाख्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार नगर में किराएदारों का सत्यापन कार्य चल रहा है। इस प्रकार अब टुकटुक चालक और टुकटुक स्वामियों का भी एक सिरे से सत्यापन किया जाएगा जो भी टुकटुक चालक और टुकटुक स्वामी वाहनों और चालकों का सत्यापन नहीं कराएगा उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## आवास विकास कार्यालय में तैनात कर्मचारी को दस हजार रूपये रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड के जसपुर में आवास विकास कार्यालय में तैनात कर्मचारी को विजिलेंस की टीम ने दस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी कर्मचारी ने जमीन के ट्रांसफर सर्टिफिकेट के नाम पर रिश्वत मांगी थी। बता दें कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस की टीम से शिकायत दर्ज की थी कि उसके द्वारा उसके छोटे भाई से आवास विकास रुद्रपुर स्थित भू-खंड क्रय किया गया था। जिसके ट्रांसफर अपने नाम कराने के लिए 23 जनवरी को आवास विकास परिषद जसपुर के कार्यालय में तैनात मुकेश कुमार द्वारा ट्रांसफर सर्टिफिकेट की केवल प्राप्ति कराने के नाम पर दस हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। जिसके बाद टीम ने आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। विजिलेंस के टोल-फ्री हैल्पलाइन नंबर 1064 व वाह्टएसप हेल्पलाइन नंबर 9456592300 पर संपर्क कर शिकायत कर सकते हैं।

## सचिव पद पर मोहन सिंह बिष्ट व ललित मेर ने दाखिल किया नामांकन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बार एसोसिएशन हल्द्वानी के चुनाव 7 मार्च को होने हैं। इसके लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन सचिव पद के लिए मोहन सिह बिष्ट और ललित मेर ने नामांकन पत्र दाखिल किए। वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन सिंह बिष्ट इस बार सचिव पद के लिए प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। पिछले साल हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में भी मोहन सिंह बिष्ट ने भी सचिव पद पर ताल ठोकी थी लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार उन्होंने दोबारा सचिव पद पर दावेदारी ठोकी है। बता दें कि बार एसोसिएशन हल्द्वानी के चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। 4 मार्च को 11 बजे से 1 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी जबकि इसी दिन 1 से 3 बजे तक नाम वापसी होगी। जबकि 7 मार्च को 9 बजे से 4 बजे तक मतदान होगा जिसके बाद परिणामों की घोषणा की जाएगी। इस बार कार्यकारिणी के 14 सदस्य पदों के लिए 907 सदस्य अपने मत का प्रयोग करेंगे।

## अंकिता हत्याकांड में केस ट्रांसफर प्रार्थनापत्र कोर्ट ने किया खारिज

पौड़ी। अंकिता हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्य के केस ट्रांसफर का प्रार्थनापत्र खारिज हो गया है। सत्र न्यायाधीश पौड़ी की अदालत ने केस ट्रांसफर के लिए आरोपी द्वारा अदालत में रखे गए सारे आधार को निराधार बताया। अदालत ने कहा मामले की सुनवाई एडीजे कोटद्वार की अदालत में कानून व न्याय प्रणाली के अनुरूप चल रही है। मुख्य आरोपी ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटद्वार की अदालत में निष्पक्ष न्याय की उम्मीद नहीं होने की बात कहते हुए जिला कारागार चमोली के माध्यम से केस ट्रांसफर के लिए प्रार्थनापत्र दिया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटद्वार की अदालत ने मामले को सुनवाई के लिए सत्र न्यायाधीश पौड़ी की अदालत को भेज दिया था। मामले की पहली सुनवाई 16 फरवरी और दूसरी सुनवाई 26 फरवरी को हुई। दूसरी सुनवाई में पुलकित आर्य ने अदालत में अपना पक्ष रखा था। अभियोजन पक्ष से जिला शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार भट्ट ने प्रार्थनापत्र में दिए गए केस ट्रांसफर के तथ्य आधारहीन बताए। भट्ट ने बताया कि सत्र न्यायाधीश पौड़ी अजय चौधरी की अदालत ने अंकिता हत्याकांड के मुख्य आरोपी द्वारा केस ट्रांसफर के लिए अदालत में रखे आधारों को निराधार बताते हुए प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है।

## भाजपा ने सतीश लखेड़ा समेत चार और प्रदेश प्रवक्ता बनाए

देहरादून। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट सतीश लखेड़ा समेत चार नेताओं को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने इस संबंध में आदेश जारी किए। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर चार प्रदेश प्रवक्ता बनाए गए हैं। इन्हें शामिल करते हुए भाजपा में प्रवक्ताओं की संख्या 16 हो गई है। जिन नेताओं को पार्टी ने प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी है, उनमें सतीश लखेड़ा के अलावा नैनीताल से गीता ठाकुर, देहरादून महानगर से कमलेश रमन और अल्मोड़ा से गौरव पांडे के नाम शामिल हैं।सतीश लखेड़ा पिछले आठ वर्षों से भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया विभाग में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी की टीम में महत्वपूर्ण दायित्व निभा रहे हैं। वह टीवी चौनल पर राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट के तौर पर प्रमुखता से पार्टी का पक्ष रखते हैं। लखेड़ा भाजपा के दैनिक मीडिया रिपोर्ट्स, रिसर्च, मीडिया प्रशिक्षण और चुनावी मीडिया प्रबंधन के अनुभवी कार्यकर्ता हैं। 2017 से चुनावी राज्यों गुजरात, राजस्थान, दिल्ली प्रदेश, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश में केंद्रीय मीडिया प्रभारी के तौर पर कुशल प्रबंधन कर चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री की बनारस लोकसभा सीट पर मीडिया प्रबंधन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके हैं। 2009 में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व निभा चुके हैं।

## हादसे में हुई मौत के मामले में रपट

रूद्रपुर। करीब ढ़ाई माह पूर्व भूरारानी रोड़ पर बाईक की टक्कर से साईकिल सवार व्यक्ति की हुई मौत के मामले में मृतक की पत्नी ने वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रपट में रविता पत्नी स्व. बबलू निवासी रम्पुरा वार्ड 22 ने कहा है कि 18 दिसम्बर 2023 की शाम उसका पति बबलू पुत्र स्व. जवारलाल भूरारानी रोड पर सीमेन्ट के गोदाम से मजदूरी करके अपने घर साईकिल से आ रहे थे। गोदाम के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रहा बाईक सख्या यूके 06 एएच 2909 के चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसके पति रोड पर गिरकर बेहोश हो गये। उन्हें एक निजी अस्पताल ले गये । जहाँ उनका 2 महीने इलाज चला और उनको डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया । बाईक स्वामी ने 90 हजार रूपये दिये थे। लेकिन उसका 3 लाख रूपये से ऊपर खर्च आया। बाईक स्वामी ने और मदद करने से मना कर दिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# किसानों को ऋण प्रदान करें बैंक : डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला समन्वयक समिति की बैठक जनपद अंतर्गत कार्यशील बैंकों के बैंक प्रबंधकों और विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधि कारी द्वारा सभी बैंकों के प्रबंधक को निर्देश दिए गए कि बैंक खातों को शत प्रतिशत आधार और पेन कार्ड से लिंक किया जाए। जिलाधिकारी ने बैंक प्रबंधक और विभाग अध्यक्ष को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शासकीय ऋण योजनाओं में लंबित आवेदनों को 10 मार्च से पहले निस्तारित करने का कार्य कर लें। इसके साथ ही यह भी विशेष ध्यान दें कि केसीसी लिमिट निर्धारण और लोन अप्रूवल के लिए किसानों को ज्यादा चक्कर न लगाने पड़े। इसके लिए गवर्नमेंट स्कीम में एक स्टैंडर्ड चेकलिस्ट बनाएं जिसमें केसीसी और लोन रिक्वायरमेंट की अनिवार्य शर्तों का सुस्पष्ट उल्लेख करें ताकि किसानों को इधर-उधर न भटकना पड़े। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि पीएम स्वानिधि भारत सरकार की महत्वपूर्ण स्कीम है, जिसका इच्छुक लाभार्थी को अनिवार्य रूप से लाभ मिलना चाहिए। यदि पीएम स्वानिधि से संबंधित कोई आवेदन लंबित है, तो विभाग अध्यक्ष और संबंधित बैंक प्रबंधक आपकी सहमति से शीघ्र उसको हल कर लें। वंदना सिंह ने बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि आरसी का मिलान ठीक प्रकार से करें, जिसकी वसूली के लिए रोस्टर तैयार कर नियत तिथि को स्पष्ट जानकारी के साथ उपलब्ध हों। उन्होंने यह भी कहा कि मत्स्यपालन, पशुपालन, कृषि आदि अन्य क्षेत्रों के लिए केसीसी लिमिट सेट करते समय अनावश्यक औपचारिकताओं की आवश्यकता नहीं है। भारत सरकार का प्रथम उद्देश्य है कृषकों को सहयोग करना उनको अनावश्यक कार्यों में न उलझना पड़े। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित आरसेटी अधिकारी को निर्देशित किया कि युवाओं को एसी, नलकूप, मोटर रिपेयरिंग, कार रिपेयरिंग आदि अन्य रोजगारपरक कार्य सिखाये जाएं ताकि उनको आजीविका और रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी वंदना ने बैठक में वित्तीय साक्षरता द्वारा जागरूकता, बैंकों द्वारा ऋण का विवरण, किसानों की आय बढ़ाना, ऋण जमा अनुपात की प्रगति, एनपीए प्रबंधन, कौशल विकास मिशन सहित भारत सरकार द्वारा संचालित योजना के. सी.सी. के अंतर्गत डेयरी एवं मत्स्य पालन हेतु किसानों को ऋण प्रदान करने संबंधी एजेंडों पर बिस्तर चर्चा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एके पांडे, अपर जिलाधिकारी एफआर चौहान, नगर आयुक्त हल्द्वानी विशाल मिश्रा, डीडीएम नाबार्ड, एलडीएम अग्रणी जिला बैंक आदि सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी और बैंक प्रबंधक उपस्थित रहे।



क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# जू जित्सू चैंपियनशिप में रूनु शर्मा ने जीता कांस्य पदक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन की सदस्य रुनु शर्मा ने देहरादून में आयोजित जू जित्सू राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त किया है। रुनू कई स्कूलों में बच्चियों को जू जुत्सू की निशुल्क कोचिंग भी देती है। पिछले दिनों देहरादून में जू जुत्सु एसोसियेशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शहर की युवा खिलाड़ी रुनू शर्मा ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किया है। रुनू शर्मा रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन से जुड़कर बच्चियों को निशुल्क आत्मरक्षा की ट्रेनिंग भी देती है। रुनू की इस उपलब्धि पर विधायक शिव अरोरा, कुमाऊं विश्व विद्यालय के खेल अधिकारी नागेंद्र शर्मा,कोच ऋषिपाल भारती,रुद्रपुर राइजिंग की महिला अध्यक्ष चंद्रकला राय ने बधाई दी है।



# सेवानिवृत हुए तीन दरोगा व एक कांस्टेबल को दी विदाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले से सेवानिवृत्त हो रहे चार पुलिस कर्मियों को एसएसपी ने सम्मानित कर उनके स्वस्थ्य जीवन और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ दी विदाई दी।4 पुलिस कर्मियों को पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में प्रहलाद नारायण मीणा, एसएसपी द्वारा कोतवाली मीटिंग हॉल में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों में गोविन्द सिंह मेहता उपनिरीक्षक, महेश राम विश्वकर्मा उपनिरीक्षक, धाम सिंह पांगती, उपनिरीक्षक तथा सुरेश सिंह, हेड कानि. शामिल हैं।कार्यक्रम की शुरुआत अभिनव कुमार, डीजीपी द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों हेतु दिए गए विशेष बधाई संदेश के साथ की गई। तत्पश्चात विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों द्वारा लंबे समय की सेवा के पश्चात अपने-अपने विभागीय अनुभवों एवं महत्वपूर्ण पलों को सांझा किया गया। एसएसपी द्वारा पुलिस अधिकारी कर्मियों की सराहनीय सेवाओ की प्रशंसा की गई। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि इनके द्वारा पुलिस विभाग को दी गई सेवाएं सभी पुलिस कर्मियों के लिए अनुकरणीय हैं।आपके जीवन की दूसरी पारी शुरू होने जा रही है। स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाएं व जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। एसएसपी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और उन्हें उपहार स्वरूप शॉल, प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विदाई समारोह के दौरान प्रकाश चंद्र, एसपी सिटी हल्द्वानी, हरबंस सिंह, एसपी सिटी नैनीताल, सुमित पांडे, सीओ, भगवत सिंह राणा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन नैनीताल सहित हल्द्वानी सर्किल के थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी गण तथा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन मौजूद रहे।



# अब्दुल मलिक से पूछताछ में पुलिस के हाथ लगे अहम सुराग

हल्द्वानी। मलिक के घर की कुर्की के दौरान पुलिस को कई दस्तावेज हाथ लगे थे। पुलिस सूत्र बताते हैं कि इनमें कई स्टांप थे। कई स्टांप खाली थे। पुरानी तिथि के खाली स्टांप मिलने की चर्चा भी है। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। उधर पुलिस अब्दुल मलिक और अब्दुल मोईद के खाते खंगाल रही है। खातों से कई ट्रांजेक्शन मिले हैं। पुलिस इन ट्रांजेक्शन के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। अब्दुल मलिक को रिमांड पर लेने के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इस बीच पुलिस के हाथ कई दस्तावेज लगे हैं। पुलिस उन सुरागों की पुष्टि कर साक्ष्यों को मजबूत करने में लगी है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, यह बात भी सामने आ रही है कि अब्दुल मलिक के घर संपत्ति कुर्क की कार्रवाई के दौरान कुछ स्टांप पेपर भी मिले हैं। जानकारी के मुताबिक, ये स्टांप पेपर बैक डेट के बताए जा रहे हैं। इसके अलावा कई अन्य दस्तावेज पुलिस के हाथ लगे हैं जिनकी जांच शुरू कर दी गई है। दो मार्च को मलिक की रिमांड की अवधि पूरी हो रही है। दो दिन बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# कार का शीशा तोड़कर नगदी व मोबाइल चुराया

हल्द्वानी। खानचंद मार्केट स्थित एक होटल के पास खड़ी कार का शीश तोड़ कर अज्ञात चोर ने कार में रखी दो हजार रूपए की नगदी और मोबाइल चुरा लिया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। शंकरपुर रोड सहसपुर देहरादून निवासी अतिन कुमार पुत्र स्व. नरेंद्र कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने अपनी स्विफ्ट डिजायर कार खान चंद्र मार्केट में ओम होटल के पास खड़ी की थी। अज्ञात व्यक्ति कार में रखी दो हजार रूपए की नगदी और उसके चालक अनिल तिवारी का मोबाइल चुरा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मेगा मार्ट की पार्किग से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने बीते दिनों विशाल मेगा मार्ट की पार्किंग में खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में विजय पुत्र स्व.वीर सिंह निवासी भदईपुरा वार्ड 4 ने कहा है कि 14 फरवरी को उसने अपनी बाईक संख्या यूके 06 एएच 6827 को विशाला मेगा मार्ट की पार्किंग में लॉक करके खड़ी थी। कुछ समय बाद आकर देखा तो उसकी बाईक वहां मौजूद नहीं थी। बाईक की काफी खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

# 115 लीटर शराब के साथ तस्कर दबोचा

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने रात्रि सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक तस्कर से 115 लीटर कच्ची शराब बरामद की है तथा शराब ढोने में प्रयुक्त की गई मोटरसाइकिल को भी जबत कर सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि में ग्राम बंडिया के पास उप निरिक्षक राजेंद्र पंत हेड कांस्टेबल नरेंद्र कन्याल व कांस्टेबल नरेंद्र कुमार, पीआरडी जवान छोटे सिंह ,व सोनिया चेकिंग कर रहे थे की तभी मोटरसाइकिल संख्या यूके 18टीए 0611 एक युवक आता दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसको तुरंत ही घर कर पकड़ लिया गया तथा तलाशी के दौरान उसकी मोटरसाइकिल में 336 पाउच लगभग 115 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम जाहिद हुसैन पुत्र हामिद हुसैन निवासी वार्ड नंबर 4 बंडिया बड़ी नहर के पास थाना किच्छा बताया है जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गिरफ्तार किए गए युवक ने बताया है कि वह भी नशे का आदी है तथा नशा पूर्ति करने हेतु नशे के कारोबार में लिप्त है।उपनिरीक्षक राजेंद्र पथ ने बताया कि नशा के कार्यवाहियों के खिलाफ यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी तथा कानून व्यवस्था कायम करने के लिए उनके हल्का क्षेत्र में किसी को भी छूट नहीं दी जाएगी।

# मासूम भांजे के हत्यारे मामा को आजीवन कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर में आठ साल पहले गूलरभोज से भांजे का अपहरण कर बेटे के साथ मिलकर गला घोंटकर हत्या करने के दोषी मामा को प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एक अभियुक्त के नाबालिग होने पर किशोर न्यायालय पूर्व में सजा सुना चुका है।जानकारी के अनुसार गूलरभोज निवासी रजनेश ने तीन मई 2016 को गदरपुर थाने में तहरीर देकर तीन साल के बेटे अंश के घर से गायब होने की तहरीर दी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर अंशक की तलाश शुरू कर दी थी। 11 मई 2016 की दोपहर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अंश के मामा रमेश निवासी ग्राम गिजपुरा नानाकार के पास थाना स्वार जिला रामपुर यूपी और उसके नाबालिक बेटे को उनके घर से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर गिरजपुरा फार्म के पास एक खेत में गाड़े गए अंश का शव बरामद किया था।पूछताछ में आरोपी रमेश ने बताया की उसकी बहन का विवाह गूलरभोज गदरपुर में रजनेश से हुआ था और रजनेश रेलवे में काम करता है। 3 मई 2016 को रजनेश के भाई की शादी की सालगिरह की पार्टी थी। जिसमे मेरी पत्नी और बेटा गए हुए थे। उसको चर्म रोग है और इस वजह से लोग उसका तिरस्कार करते रहते हैं। तीन मई को उसे सालगिरह पार्टी में नहीं बुलाया तो वह गुस्से में साइकिल लेकर गूलरभोज पहुंचा और घर के बाहर खेल रहे भांजे अंश को उठाकर घर ले आया।रात होने पर जब वह रोने लगा तो उसने मुंह दबाकर अंश को अपने बेटे के साथ गांव से दूर खेत में ले गया। यहां अंश को देखा तो उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई। जिसे उसने बेटे की मदद से फड़वे से जमीन खोदकर उसमें शव को दफन कर दिया। उसकी पत्नी घर लौटी तो उसने अंश के गायब होने और सूचना देने वाले को अंश की ओर से अच्छी रकम की जानकारी दी थी। जिसके बाद उसने अपने बेटे के साथ रजनेश से रुपये ऐंठने की योजना बनाई थी। वह गूलरभोज भी गया था और अंश को खोजने का नाटक किया था।नौ मई को उसके बेटे ने फोन कर रजनेश से 10 लाख की मांग की थी। रजनेश की ओर से मामले की सूचना पुलिस को देने के बाद उन्होंने घबराकर मोबाइल और सिम को जला दिया था। रमेश के खिलाफ प्रथम अपर जिला सत्र न्यायालय में केस चला था। उसका बेटा नाबालिग होने पर उसकी सुनवाई किशोर न्यायालय में अलग से हुई थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दीपक कुमार अरोरा ने बताया कि मामले में 16 गवाह और सबूत पेश कर रमेश पर दोष सिद्ध कर दिया। प्रथम अपर जिला सत्र न्यायाध ीश सुशील तोमर ने आरोपी रमेश को आजीवन सश्रम कारावास और 60 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। बताया कि किशोर न्यायालय इस मामले में नाबालिग अभियुक्त को पूर्व में सजा सुना चुका है।

# कार चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाईक सवार दम्पत्ति को टक्कर मार गंभीर रूप से घायल कर देने वाले आरोपी कार चालक के खिलाफ रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में ग्राम गजरौला थाना बाजपुर निवासी सुरेन्द्र कौर पत्नी मलकीत सिंह ने कहा है कि वह अपने पति के साथ 6 फरवरी को अपने घर वापिस आ रही थी। दोनों बिन्दूखेड़ा मोड़ से आगे दोपहर खड़े थे । तभी गदरपुर की तरफ से तेज गति से आ रही कार संख्या यूके 04 एन 6530 के चालक ने दोनों को टक्कर मार दी। कार माया सिंह पुत्र संतोष सिंह निवासी हाथीखाल अर्जुनपुर हल्द्वानी के नाम पर पंजीकृत है। घटना में दोनों को गम्भीर चोटें आने पर राजकीय स्वास्थ्य केन्द्र रुद्रपुर में भर्ती करवाया गया। पति मलकीत सिंह को सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर करने के बाद ऐम्स अस्पताल ऋषिकेश ले जाया गया। जहां से काशीपुर के चिकित्सालय में भर्ती करवाया । पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# सभी बूथों पर व्यवस्थायें सुनिश्चित करें एआरओ: डीएम

## डीएम ने किया लोक सभा सामान्य निर्वाचन कार्यालय के कक्षों का निरीक्षण किया,जनप्रतिनिधियों से मांगे सुझाव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समस्त जनपद के सहायक रिटर्निंग आफिसर लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु निष्ठापूर्वक अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी वंदना ने लोक सभा सामान्य 2024 के सफल सम्पादन हेतु जनपद के सभी सहायक रिटर्निंग आफिसर (एआरओ) के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि मतदान बूथ पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मूलभूत सुविधा पेयजल, शौचालय, रैम्प, विद्युत व्यवस्था, फर्नीचर, आदि की व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा सभी एआरओ को हैण्डबुक का अध्ययन करते हुए निर्वाचन के दौरान की जाने वाली सभी व्यवस्थाओं एवं अपने दायित्वों को भली भांति समझते हुए दायित्वों का निर्वहन करें। संवेदनशील बूथों के चिन्हीकरण कर वेबकास्टिंग आदि की व्यवस्था करने हेतु भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिन बूथों पर सडक मार्ग नही है तथा उन बूथों पर पैदल मार्ग से काफी समय लगता उन बूथों पर अतिरिक्त ईवीएम मशीन भेजी जायेगी।उन्होंने सभी एआरओ को निर्देश दिये कि जिन बूथों पर नेटवर्क कनेक्शन नहीं है उनकी सूची बनाने के निर्देश दिये ताकि रियल टाइम पोलिंग प्रतिशत अपडेट करने हेतु उन बूथों पर वायरलैस सेट भेजे जा सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी एआरओ, बीएलओ के साथ बैठक कर स्वीप प्लान बनायें। उन्होंने कहा कि बीएलओ को बूथ लेवल के सम्बन्ध में फील्ड की वास्तविक जानकारी होती है। उन्होंने कहा बीएलओ का मतदान प्रतिशत बढाने में एक अहम जिम्मेदारी होती है क्योंकि बीएलओ ही प्रतिदिन बूथ लेवल के मतदाओं से वाकिफ रहते हैं।उन्होंने कहा जिन बूथों पर विद्युत की



सम्भावना नहीं है उन बूथों पर सोलर लाईट या इमरजैंसी लाईट की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा जिन लोगों की आयु 80 वर्ष से अधिक व दिव्यांग वोटरों को मतदान केन्द्र तक लाने हेतु कार्मिकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके इसके लिए सूची तैयार करें। उन्होंने कहा कि सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर प्रत्येक बूथ का होमवर्क करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी शिव चरण द्विवेदी, फिंचा राम,सहायक नोडल अधिकारी एमसीएमसी विशाल मिश्रा,एआरओ पारितोष वर्मा,रेखा कोहली, राहुल साह, प्रमोद कुमार, के एन गोस्वामी, डिप्टी कलेक्टर तुषार सैनी, तहसीलदार सचिन कुमार उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी वंदना ने एमबीपीजी कालेज में बनने वाले लोक सभा सामन्य निर्वाचन 2024 कार्यालय के कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रभारी निर्वाचन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर तुषार सैनी को निर्देश दिये कि सोमवार 4 मार्च तक निर्वाचन कार्यालय की सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जांए। जिलाधिकारी द्वारा कन्ट्रोल रूम, एनआईसी कक्ष, स्वीप कक्ष, निर्वाचन कक्ष, एमसीएमसी कक्ष, कार्मिक कक्ष तथा आब्जर्वर कक्ष का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि सभी कक्षा कक्षों के बाहर बोर्ड अवश्य लगायें तथा जो भी कार्य होने है उन्हें शीघ्र किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सुव्यवस्थित सम्पादन एवं संचालन हेतु भारत निर्वाचन आयोक के दिशा निर्देशानुसार विभिन्न राजनैतिक दलों के साथ बैठक कर सामान्य रूप से प्रयुक्त की जाने वाली विभिन्न प्रकार की सामग्रियों, वस्तुओं इत्यादि मदों के अनुमानित बाजार मूल्य की दरों के सम्बन्ध में बैठक कर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु निर्धारित दरों की सूची उपलब्ध कराई। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि इस सम्बन्ध में कोई सुझाव हैं तो देने का कष्ट करें। इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।






# धूमधाम से मनाया श्री अनंत प्रेम आश्रम का वार्षिकोत्सव

## सत्संग सम्मेलन में अतिथियों को किया सम्मानित





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री अनंत प्रेम आश्रम के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आदर्श कॉलोनी स्थित श्री अनंत प्रेम आश्रम परिसर में सत्संग, प्रवचन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर दूर दराज क्षेत्र से आए महान साधु संतों और ऋषि मुनियों ने अपने प्रवचनों से उपस्थित जन समुदाय को निहाल किया। आदर्श कालोनी स्थित श्री अनंत प्रेम आश्रम में आयोजित सालाना सत्संग सम्मेलन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा एवं पूर्व जिला महामंत्री भारत भूषण चुघ,उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ,कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने पहुंच कर महाराज श्री स्वामी अनंत प्रकाशानन्द जी से आशीर्वाद लिया। महाराज ने सभी अतिथियों को सरोपा भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक ठुकराल ने कहा कि अनन्त प्रेम आश्रम के रजत जयंती कार्यक्रम में प्रतिभाग करने अनुयायी देश के कई राज्यों से पहुँच रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनन्त प्रेम आश्रम की इकाइयां गुरु महाराज जी की कृपा से देश के कई राज्यों में स्थापित हैं। जहाँ लाखों अनुयायी अध्यात्म एवं दर्शन हेतु आते हैं। पूर्व विधायक ठुकराल ने इस दौरान क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस दौरान बॉबी टुटेजा, संजय ठुकराल,ललितबिष्ट,बंटी कोली,विशाल मेहर सहित भक्तजन उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया निवर्तमान मेयर रामपाल का जन्म दिन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह का जन्म दिन शहर में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से लेकर देर रात तक मेयर को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर जगह जगह केक काटे गये। साथ ही मेयर रामपाल को वाल्मीकि समाज से चांदी का मुकुट और तलवार भेंट कर सम्मानित किया। जन्म दिन के मौके पर निवर्तमान मेयर रामपाल के शक्ति विहार स्थित निवास पर सुबह से ही बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया जो देर रात तक चलता रहा। इस दौरान सभी ने रामपाल सिंह को बधाई दी और उनके दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की। इस दौरान तमाम लोगों ने मेयर को गुलदस्ते भेंट किये जबकि कई लोगों ने मेयर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शाम को वाल्मीकी समाज की ओर से रामपाल सिंह के जन्म दिन पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।





जिसमें रामपाल सिंह को उनके सराहनीय कार्यकाल के लिए चांदी का मुकुट और तलवार के साथ ही स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व वार्ड नंबर दो कृष्णा कालोनी स्थिति माता मंदिर पर भी केक काटकर रामपाल सिंह का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। इसके पश्चात आदर्श कालोनी स्थित अनंत प्रेम आश्रम पहुंचकर रामपाल सिंह ने संतों से आशीर्वाद लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पार्षदों की ओर से भी रामपाल सिंह का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पार्षदों ने रामपाल सिंह का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। वहीं वार्ड नं. 13 भईपुरा में बटर फ्लाई मोबाइल शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रामपाल सिंह ने संस्थान द्वारा पढ़ाये जा रहे गरीब बच्चों के साथ केक काटकर जन्म दिन मनाया। जन्म दिन पर शुभकामनाएं देने वालों का निवर्तमान मेयर ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोगों का प्यार और स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। मेयर का जन्म दिन मनाने वालों में देवभूमि व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, राजकुमार खनिजो, रोहित मित्तल ,नरेश चौहान, पंकज बांगा, सुभाष अरोरा, जे बी सिंह, बलदेव ठुकराल, संजय सिंघल, राजकुमार सिकरी, कृष्णपाल गंगवार, प्रेमपाल गंगवार, सतपाल गंगवार, मदन दिवाकर, रामावतार शर्मा, विजय डे ,शंकर विश्वास, सुबीर दास, प्रणव चौधरी, भुवन गुप्ता ,निमित शर्मा, प्रमोद शर्मा ,रजनी रावत, शैलेंद्र रावत, शालू पाल, संतोष पाल, अंबर सिंह, सुशील चौहान, आयुष तनेजा, सुनील बाबा, गिरीश पाल, राजकुमार कोली, डॉ राकेश सिंह, अरुण रस्तोगी ,शैलेंद्र कोली ,हिम्मत राम कोली ,संजीव गुप्ता ,अक्षय गहलोत, संजय कुमार, मुकेश राजोरिया ,बंटी राजोरिया, संजय राठौर, हैप्पी चौहान ,विशाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिये दृढ़ संकल्प: धामी

## मुख्यमंत्री ने वर्चुअली डीबीटी के माध्यम से खातों में डाली पेंशन

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कार सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के 836603 विधवा, वृद्धा, दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों को 125 करोड़ की धनराशि ऑनलाईन क्लिक कर डीबीटी के माध्यम से माह फरवरी की पेंशन उनके खातों में डाली, जिसमें जनपद उधमसिंह नगर के 11425 दिव्यांग पेंशन की धनराशि 178.71 लाख, विधवा पेंशन के 31855 की 1427.27 लाख, वृद्धावस्था पेंशन धारक 85486 के खातों में 1282.56 लाख कुल 128766 पेंशनरो के खातो में माह फरवरी की पेंशन धनराशि 2888.54 लाख की धनराशि खातों में डाली। सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित करते हुये जुड़े सभी पेंशन धारको से उनके स्वस्थ रहने की कामना करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार व भारत सरकार गरीब, असहाय, वृद्ध, दिव्यांग सभी तबके के साथ है। उन्होने सभी से जन कल्याणकारी योजनाओं की लाभ उठाने की अपील की। उन्होने कहा कि पहले तीन माह में पेंशन खातों में जाती थी अब प्रत्येक माह की पांच तारीख तक डीबीटी के माध्यम से पेंशन खातों में जायेगी। उन्होंने कहा कि पहले परिवार के एक ही वृद्ध को पेंशन दी जाती थी मगर अब सरकार दोनों वृद्ध दम्पत्तियों को वृद्धावस्था पेंशन देती है। उन्होने कहा सरकार द्वारा पेंशन धनराशि में भी बढ़ोतरी की है। उन्होने कहा सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाये गये है जिसमे पांच लाख रूपये तक का मुफ्त ईलाज दिया जा रहा है। सरकार गरीबों को वर्ष में तीन गैस सिलेंडर मुफ्त



दे रही है। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रत्येक घर में नल, नल मे जल व प्रधानमंत्री गरीबो को प्रधानमंत्री आवास देने के साथ ही किसानों को किसान सम्मान निधि दी जा रही है। उन्होंने कहा सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिये दृढ़ संकल्प है। उन्होने कहा उत्तराखण्ड भारत के सर्वश्रेष्ठ राज्यों में सामिल होगा राज्य को आगे बढ़ाने के लिये जो भी प्रयास करने की जरूरत होगी सरकार बिना समय लगाये करेगी।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नव नियुक्त 35 सहायक समाज कल्याण अधिकारी व 3 छात्रावास अधीक्षकों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किये। उन्होने कहा सभी युवाओं नौकरी से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, लोक सेवा आयोग व अधीनस्थ सेवा आयोग के माध्यम से लगातार रिक्त पदो पर परीक्षाएं कराकर नियुक्तियां की जा रही है। उन्होने सभी नव नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों से पूरी उर्जा व परदर्शिता से अपने-अपने क्षेत्रां में कार्य करने की अपील की। उन्होने कहा परीक्षा भर्तियों में पारदर्शिता लाने के लिये सरकार ने नकल विरोधी कठोर कानून लागू किया है जिससे पात्र योग्य युवाओं को मौका मिल रहा है। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि सभी गरीब तबके व दिव्यांगो को समाज कल्याण की योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही उज्जवला योजना, श्रम विभाग की योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। उन्होने समाज कल्याण के वृद्धावस्था पेंशनरों ने परिवहन निगम की बसों में 60 साल के बाद मुफ्त यात्रा किये जाने के अनुरोध पर शासन को प्रस्ताव भेजने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी पेंशनरो को बिना प्रलोभन के शत-प्रतिशत मतदान की शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, डीपीओ व्योमा जैन सहित बड़ी संख्या में वृद्धा, विधवा व दिव्यांग पेंशनर उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता के लिए चुनाव रथ को किया रवाना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।नोडल अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे तथा सहायक नोडल अधिकारी स्वीप नगर आयुक्त विशाल मिश्रा की संयुक्त रूप से उपस्थिति में मतदाता जागरूकता के लिए चुनाव रथ का उद्घघाटन किया गया। चुनावरथ को 101 वर्षीय महिला मतदाता मजीदान निवासी लाइन नंबर 5 आजाद नगर, हल्द्वानी द्वारा फ्लैग ऑफ कर मतदाता जागरूकता के लिए चुनाव रथ को रवाना किया गया। मतदाता मजीदन द्वारा नए एवं भावी मतदाताओं से वोट देने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता रथ में गीतों के माध्यम से होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते



जनपद नैनीताल के गांव-गांव और शहर-शहर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। जनपद के जिला आइकॉन मोहनचंद जोशी तथा सुप्रसिद्ध गायिका गुंजन जोशी के अतिरिक्त बाल कलाकार प्रणव कांडपाल तथा प्रशांत जोशी के द्वारा गाय गए गीत के माध्यम से चुनाव रथ से जन जन को वृहद स्तर पर मतदान करने के लिए जागरूक किया जाएगा। नोडल अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने बताया कि जनपद की जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास लगातार जारी है। स्कूल- कॉलेजों, इवेंट्स, प्रतियोगिता आदि अन्य माध्यमों से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। विशेष प्रयास यह है कि इस बार पूर्व की अपेक्षा अधिक मतदान हो। इसके साथ ही क्षेत्र की जनता से अपील है कि वह लोकसभा चुनाव 2024 में बढ़-चढ़कर मतदान करें और अपने मताधिकार का प्रयोग करेंइस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर स्वीप मोनिका चौहान, डॉक्टर सुरेश भट्ट, स्वीप नैनीताल से डॉ. प्रदीप उपाध्याय, सहायक समन्वयक स्वीप गौरी कांडपाल आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों को वितरित किए फलदार पौधे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पर्यावरण प्रेमी हल्द्वानी निवासी डॉ. आशुतोष पन्त द्वारा नैनीताल के धानाचूली बाजार में ग्रामीणों को अखरोट और आड़ू के पौधे निशुल्क भेंट किए गए। कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग की सुश्री अनामिका व स्टाफ विकेश, विक्रम ने सहयोग किया। स्थानीय जनप्रतिनिधि सुश्री हंसा लोधीयाल, दान सिंह लोधीयाल ने भी सहयोग किया। इसी दिन डा. पंत ने अल्मोड़ा



जिले के चौड़ा, आनुली में अखरोट और सेब के पौधे भेंट किए। यहां माध्यमिक विद्यालय के प्रकाश चंद्र तिवारी की सेवानिवृत्ति के कार्यक्रम में सैकड़ों लोग मौजूद थे। छात्रों और अभिभावकों को पौधे नि:शुल्क दिए गए। यहां कैड़ा गाँव माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत मनोज पंत ने हल्द्वानी से अपने वाहन में पौधे ले जाकर सहयोग किया। डा. पंत ने बताया कि मनोज पूर्व में भी कई बार उनके मिशन में साथ रहकर सहयोग कर चुके हैं। उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## जिंदगी जिंदाबाद की टीम को सोने का सिक्का देकर किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले 6 वर्षों से समाज के असहाय और मजबूर लोगों की सहायता में जुटी सामाजिक संस्था 'जिंदगी जिंदाबाद' की टीम के संस्थापक करमजीत सिंह चानना और उनकी टीम को सितारगंज की संस्था श्री गुरु तेग बहादुर जी वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा 24 कैरेट सोने का सिक्का देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि जिस प्रकार वर्तमान युग में 24 कैरेट का सोना अपनी



पहचान देता है इस प्रकार से इसी सोने की तरह जिंदगी जिंदाबाद की टीम भी अपनी चमक बिखेर रही है। बता दें जिंदगी जिंदाबाद टीम ने पिछले 6 वर्ष में इस रुद्रपुर ही नहीं बल्कि जनपद के अलावा पंजाब तक में अपनी सहायताएं उपलब्ध कराई। टीम ने अपने 6 वर्ष के कार्यकाल में ऐसे अनगिनत सामाजिक कार्य कर मिसाल पेश की है। पिछले 6 वर्षों से लगातार रुद्रपुर के रोडवेज के समीप डीडी चौक पर मात्र 5 रूपये का सहयोग लेकर हजारों लोगों को लगातार भोजन कराया जा रहा है। इसके अलावा जिंदगी जिंदाबाद की तरफ से पिछले 6 वर्षों में अनेक गरीब कन्याओं का विवाह भी कराया गया। टीम ने पर्यावरण की रक्षा करने के लिए पूरे क्षेत्र में लगभग 10000 से अधिक पौधारोपण किया। इसके अलावा सिविल लाइन रुद्रपुर में एक मेडिसिन बैंक की भी स्थापना की। जहां मात्र 5 रूपये में रोगियों को दवा उपलब्ध कराई जाती है। इन्ही सब कार्यों को देखते हुए जिदंगी जिंदाबाद की टीम को सितारगंज में सम्मानित किया गया। इस मौके पर चानना की तरफ से श्री गुरुतेग बहादुर जी संस्था वेलफेयर ट्रस्ट के दविंदर सिंह ,महेश मित्तल, सुप्रीत भाटिया, और सुखबीर बेदी समेत तमाम लोगों का आभार जताया।

## म्यूचुअल फंड में निवेश पर फ्री सेमिनार कल

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। म्युचुअल फंड में निवेश के लिए जानकारी एवं सलाह देने के लिए फ्री सेमिनार का आयोजन काशीपुर बाईपास रोड स्थित होटल कौशल्या रेजीडेंसी में कल 3 मार्च को शाम 5 बजे से किया जायेगा। इस सेमिनार में म्युचुअल फंड निवेश एक्सपर्ट सचिन गुप्ता लोगों को म्युचुअल फंड में निवेश करने के आसान



तरीके और सलाह देंगे। श्री गुप्ता ने बताया कि म्यूचुअल फंड में निवेश से एक ओर जहां बचत को बढ़ावा मिलता है तो उसके साथ-साथ कमाई का मौका भी मिलता है। श्री गुप्ता ने बताया कि अपनी छोटी-छोटी बचत से भविष्य के लिए एक अच्छा फंड भी एकत्र किया जा सकता है। श्री गुप्ता ने कहा कि आम लोगों को म्युचुअल फंड के बारे में जानकारी न होने से वह इसमें निवेश नहीं कर पाते,जबकि इसमें निवेश करने का तरीका बहुत आसान होता है। यदि म्युचुअल फंड के बारे में सही जानकारी मिल जाए तो लोग अपने आप ही इसमें घर बैठे निवेश कर काफी रुपया कमा सकते हैं। उन्होंने रुद्रपुर में आयोजित होने वाले इस फ्री सेमिनार में ज्यादा से ज्यादा लोगों से पहुंचने की अपील की है। इस फ्री सेमिनार में निवेश के लिए और भी कई योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## तीन दिवसीय अखण्ड महानाम संकीर्तन प्रारंभ

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। देवभूमि बैकुंठपुर शक्तिफार्म नंबर एक में अखंड महानाम संकीर्तन विधि विधान के साथ बंगाली संस्कृति के तहत कलश



यात्रा निकालकर शुभारम्भ हुआ। इससे पहले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राधाकुंड बृंदावन से आए पुरोहित ब्रह्मचारी तरुण कृष्ण दास जी महाराज एवम श्रीमद् भागवत कथा व्यास आचार्य राम चन्द्र जी महाराज ने मां गंगा को आह्वान कर अमृत गंगा जल को मंदिर परिसर में स्थापित किया। ग्राम सभा बैकुंठपुर में आयोजित अखंड महानाम संकीर्तन अविरल तीन दिनों तक लगातार चलता रहेगा जिसमे देश के विभिन्न भागों से संकीर्तन संप्रदाय हरिनाम संकीर्तन के लिए पहुंचते है। जिसमे श्री शांति हरि संप्रदाय दिनेशपुर, हरिगोपाल संप्रदाय धर्मनगर,राधा रानी संप्रदाय,राधाकृष्ण संप्रदाय,बिष्णुप्रिया संप्रदाय आदि पहुंचे हैं। आचार्य श्रीमत स्वामी राम चंद्र जी महाराज ने कहा कि हरे रामा हरे कृष्णा की मधुर महानाम श्रवण मात्र से जीव का कल्याण एवम कलियुग के घोर पाप से मुक्ति मिलती है। अखण्ड महानाम संकीर्तन के पावन पुनीत महोत्सव पर भंडारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।इस दौरान आयोजक समिति के सतीश सरकार, रवींद्र सिंह, परेश मंडल, आनंद राय,सुमित सरकार, अनिमेष सरकार,राम गोपाल सरकार ,हरि कृष्ण बैरागी,हरिचंद विश्वास ,जीवन विश्वास, सुजीत व्यापारी, पंचानन मंडल, बलाई साना,सुभाष सरकार ,राणा सरकार ,सूरजमंडल,अर्जुन मंडल,सुजीत व्यापारी, विजय मंडल,राकेश बैरागी आदि लोग थे।



**उत्तरांचल दर्पण**

**सम्पादकीय** सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# श्वेत क्रांति की ओर बढ़ते कदम

उत्तराखण्ड राज्य पिछले कुछ वर्षों से श्वेत क्रांति की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है उससे प्रदेश में न सिर्फ दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा मिला है वहीं दुग्ध उत्पादकों के आर्थिक स्तर में भी काफी सुधार हुआ है। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित दुग्ध समितियों को मजबूत करने के साथ ही उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। पालतू दुधारू मवेशियों के लिए बेहतर पौष्टिक चारा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। इतना ही नहीं दुग्ध उत्पादकों को दूध का उचित मूल्य देने के साथ उन्हें समय समय पर प्रोत्साहन के लिए उपहार तथा महिलाओं को योजना के तहत दुधारू मवेशी भी दिये जा रहे हैं। दुधारू पशुओं के बीमार होने की दशा में उनके उपचार के लिए स्थापित पशु चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पर्याप्त दवाओं की व्यवस्था की गई है। दुधारू मवेशियों का बीमा भी करवाया जा रहा है। प्रदेश सरकार का यह प्रयास है कि देवभूमि को दुग्ध उत्पादन में न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाया जाये वरन पड़ोसी राज्यों को दुग्ध की आपूर्ति भी जाये। जिससे राज्य के राजस्व में बढ़ोत्तरी हो सके। प्रदेश में नये दुग्ध प्लांट लगाने के लिए भी सरकार लगातार जुटी हुई है। लेकिन इतना सब कुछ होने के बाद भी प्रदेश के दुग्ध उत्पादक निरंतर तमाम समस्याओं से जूझ रहे हैं। पहले बीमार पशुओं को उपचार के लिए पशु चिकित्सालय तक पहुंचाने में परेशानी उठानी पड़ती हैं और फिर अधिकांश चिकित्सालयों में न तो समय पर चिकित्सक मिल पाते हैं ओर न ही आवश्यक दवायें ही उपलब्ध हो पाती हैं। वहीं दुग्ध उत्पादक बढ़ती लागत को देखते हुए समय समय पर दुग्ध का मूल्य बढ़ाने के लिए शासन प्रशासन से आग्रह करते रहते हैं ।परंतु उनकी ठीक प्रकार से सुनवाई नहीं हो पाती। अनेक दुग्ध उत्पादक दूध को सरकारी दुग्ध क्रय केन्द्र में न ले जाकर निजी हाथों को बेचने के लिए उत्सुक रहते हैं। ऐसे दुग्ध खरीददार दुग्ध की गुणवत्ता को प्रभावित कर उन्हें लोगों को बेचते हैं। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता हैं। प्रदेश में मिलावटी दूध एवं इससे बने खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी ढ़ग से रोक लगाने के लिए शासन प्रशासन एवं सम्बधित विभागीय अधिकारियों द्वारा समय समय पर विशेषकर होली, दीपावली, रक्षाबंधन, ईद आदि त्योहारों पर बाजार क्षेत्र में मिष्ठान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर औचक दबिश देकर दुग्ध एवं दुग्ध से निर्मित मिठाईयों की गुणवत्ता की जांच की जाती हैं। साथ ही बसों, रेलों व अन्य संदिग्ध वाहनों की चैकिंग कर मिलावटी मावा, दुग्ध तथा मिठाईयों की जांच की जाती है। त्यौहारों के अवसर पर पड़ोसी राज्यों से मिलावटी दुग्ध से बने उत्पादों की आवक में काफी वृद्धि हो जाती है। जिसे रोकने के लिए व्यापक स्तर पर रणनीति बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ताकि राज्य वासियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने से रोका जा सके। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार को किसानों को दुग्ध उत्पादन के प्रति और प्रोत्साहित करना होगा। जिसके लिए सरकार दुग्ध उत्पादकों की सभी मूल समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण कर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध प्लांट लगवाये। जहां दुग्ध व दुग्ध निर्मित खाद्य पदार्थों की बिक्री कर इसका लाभ दुग्ध उत्पादकों को भी दे।

# पुलिस ने 15 किलो गांजे के साथ तस्कर दबोचा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत सल्ट पुलिस ने अल्टो कार से तस्करी करे रहे 1 गांजा तस्कर को 15 किलो गांजे के साथ किया गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी देवेन्द्र पींचा के निर्देश पर नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कम में थानाध्यक्ष सल्ट अजेन्द्र प्रसाद ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग के दौरान मरचूला रोड गौलीखान तिराहे पर गौलीखान की तरफ से आ रहे वाहन अल्टो कार संख्या यूए- 06एफ 0333 को रोककर चैक किया। वाहन में दो प्लास्टिक के कट्टों में कुल 15 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। जिस पर वाहन चालक रोहन कुमार पुत्र धर्मपाल, निवासी गांव गोपीपुरा चांदपुर आरटीसी हेमपुर, काशीपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बरामद गांजे की कीमत 2,25,000 रुपये आंकी गयी है। टीम में थाना ध्यक्ष अजेन्द्र प्रसाद के साथ हेड कांस्टेबल सुरेश चन्द्र,मनोज रावत , कांस्टेबल विपिन पांथरी,रवि प्रताप आदि शामिल थे।



# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना जारी

रामनगर(उद संवाददाता)। अपनी मांगों को लेकर पूरे प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सरकार की उपेक्षा के खिलाफ लंबे समय से आंदोलन पर है। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर उनके द्वारा समय-समय पर आंदोलन कर सरकार को जगाने का काम किया गया है लेकिन सरकार पूरी तरह उनकी मांगों को लेकर मूक दर्शक बनी हुई है उन्होंने जहां एक और सरकार से अपना मानदेय बढ़ाने की



मांग की है तो वही सेवानिवृत होने पर पेंशन न देने की स्थिति में पांच लाख रुपए की एक मुस्त रकम देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर लगातार दावे कर रही है लेकिन अगर देखा जाए तो जिस प्रकार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की उपेक्षा लगातार हो रही है उसे सरकार के महिला सशक्तिकरण को मजबूत बनाने वाले दावों की भी पोल खुल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की हर योजना जनता तक पहुंचाने के साथ ही लाभार्थियों को पौष्टिक आहार सहित कई अन्य चीजों उपलब्ध कराने में आंगनबाड़ी एक रीड की हड्डी बनी हुई है लेकिन सरकार ने आज उनकी रीड की हड्डी को पूरी तरह खोखला करने का काम किया है उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वह सरकार से आर पार की लड़ाई करने के लिए मजबूर होगी।

# कई जिलों में भारी बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी

देहरादून। पहाड़ों में रिमझिम बारिश जारी है। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में मार्च के महीने में जनवरी जैसा मौसम हो रहा है। इसका असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। ऊमसिंहनगर और नैनीताल जनपद में सुबह से मौसम ने करवट बदली और तेज हवाओं के साथ कुछ देर बारिश भी हुई। मौसम मौसम विज्ञान केंद्र ने आज और कल (शनिवार और रविवार को) प्रदेशभर में मौसम बदलने की संभावना जताई है। पर्वतीय जिलों में भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी कर दी है। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले 3200 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, इन जिलों के साथ देहरादून, हरिद्वार, टिहरी और नैनीताल जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अगले दिन दो मार्च को बारिश-बर्फबारी और ओलावृष्टि का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया। वहीं तीन मार्च को भी प्रदेश भर में मौसम खराब रहेगा। उत्तराखंड में शुक्रवार दोपहर बाद गंगोत्री, यमुनोत्री, बदरीनाथ और केदारनाथ धाम समेत हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, औली आदि जगहों में फिर बर्फबारी हुई, जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश होने से ठंड लौट आई। शुक्रवार दोपहर से ही गंगोत्री धाम सहित हर्षिल घाटी में बर्फबारी शुरू हो गई थी। गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहित सुधांशु सेमवाल ने बताया, दोपहर से हर्षिल घाटी के सभी गांवों में बर्फबारी जारी है। हर्षिल घाटी में करीब छह इंच बर्फ जम गई है। वहीं, गंगोत्री धाम में करीब एक फीट बर्फ जम गई है। खरसाली गांव, जानकीचट्टी, नारायणपुरी, फूलचट्टी क्षेत्र में भी बर्फबारी हो रही है। चमोली में दो दिनों तक धूप खिलने के बाद शुक्रवार को आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर बाद बदरीनाथ, केदारनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, औली, गौरसों बुग्याल के साथ ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में कहीं-कहीं भारी बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं भी चलने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बीते कुछ वर्षों से जलवायु परिवर्तन और मौसम के बदलते चक्र के चलते मार्च में भी मौसम बदलने लगा है। इसका मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय होना है जिसकी वजह से बर्फबारी और बारिश की संभावनाएं बन रही हैं। 4 मार्च के बाद प्रदेश में मौसम साफ होने लगेगा।

# राजभवन में 'वसंतोत्सव' का रंगारंग आगाज







## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न फूलों की भव्य प्रदर्शनी के साथ राज्यपाल ने किया शुभारंभ, वसंतोत्सव में विभिन्न संस्थानों व विभागों ने लगाये स्टॉल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न फूलों की भव्य प्रदर्शनी के साथ 'वसंतोत्सव-2024' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज, प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी भी मौजूद रहीं। राज्यपाल ने इस अवसर पर डाक विभाग द्वारा इस वर्ष के लिये चयनित ' 'थुनेर'' के विशेष डाक आवरण का विमोचन किया, साथ ही डाक विभाग देहरादून द्वारा लगायी गयी डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। थुनेर में औषधीय गुण विद्यमान होने के दृष्टिगत इसका उपयोग विभिन्न बीमारियों जैसे:- खांसी, सर्दी, बुखार, सिरदर्द, पाचन संबंधी समस्या, ब्रॉकाइटिस, त्वचा समस्या, मांसपेशियों में दर्द, गठिया आदि के उपचार में किया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने राजभवन उत्तराखण्ड की त्रैमासिक पत्रिका 'नंदा' का भी विमोचन किया। वसंतोत्सव के पहले दिन के कार्यक्रमों में आईएमए, आईटीबीपी, पीएसी और होमगार्ड के जवानों ने बैंड की मधुर धुनों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। अल्मोड़ा से आए छोलिया कलाकारों ने शानदार छोलिया नृत्य किया। कार्यक्रम में गोरखा राइफल्स के जवानों द्वारा अपने शारीरिक और मानसिक शक्ति का प्रदर्शन करते हुए खुखरी नृत्य किया जिसने उपस्थित दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के छात्रों ने योगा के बेहतरीन करतब दिखाये। कार्यक्रम के दौरान आईटीबीपी के जवानों ने कराटे का अदभुत प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। राज्यपाल ने सभी टीम के सदस्यों से मुलाकात कर उनके प्रदर्शन व प्रस्तुतियों की सराहना की। राज्यपाल ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने आए विभिन्न स्कूलों के बच्चों से मुलाकात की और उनके द्वारा बनायी जा रही पेंटिंग की सराहना करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने वसंतोत्सव में लगी फूलों की भव्य प्रदर्शनी और लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण और जानकारी ली। वसंतोत्सव में फूलों से बनी सेल्फी प्वाइंट में फोटो खिंचवाने के लिए लोगों में गजब उत्साह दिखाई दिया। सेल्फी खिंचवाने में लोगों की भींड़ लगी रही। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रकृति का अनुपम वरदान प्राप्त है। यहां के पुष्पों में अलग ही सौंदर्य



और विशिष्टता है जो आने वाले समय में उत्तराखण्ड को पुष्प प्रदेश बनाने की ओर ले जायेगा। राज्यपाल ने कहा कि इस महोत्सव के जरिए राज्य में कृषि, उद्यान सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि वसंतोत्सव के माध्यम से कृषि एवं औद्यानिकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को प्रोत्साहन एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलना निश्चित है। उन्होंने कहा कि वसंतोत्सव लोगों को प्रकृति से जुड़ने का संदेश और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करता है। राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष वसंतोत्सव में लोगों का अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव पुष्प प्रेमियों के लिए एक ऐसा स्थल है जहां आकर वे अपने पुष्पों का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि तीन दिन के इस महोत्सव की गूंज बहुत दूर तक जाना निश्चित है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में आकर विभिन्न प्रकार के पुष्पों के सौंदर्य का आनंद लें। वसंतोत्सव में विभिन्न संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा कुल 360 स्टॉल लगाये गये। इस दौरान राज्य के विभिन्न राजकीय संस्थानों द्वारा 29 स्टॉल पर अपनी गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें औद्यानिक यन्त्र, बायो फर्टिलाइजर, जैविक कीटव्याधि नियंत्रक उत्पादन करने वाली विभिन्न फर्मों एवं औद्यानिक गतिविधियों से जुड़े गैर सरकारी संस्थाओं/स्वयं सहायता समूहों/स्थानीय उत्पादक संगठनों द्वारा अपने कार्यक्रमों/उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। पुष्प उत्पादकों व विभागीय अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु उत्तराखण्ड औद्यानिक बोर्ड द्वारा तकनीकी सत्र का आयोजन भी इस दौरान किया गया। आज के कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त जनपदों से किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं समस्त जनपदों से विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ ही आमजन द्वारा भी बढ़-चढ़ कर भागीदारी की गयी। वसंतोत्सव में आमजन के खान-पान की सुविधा के लिए विभाग द्वारा गतवर्षों की भांति आई0एच0एम0 एवं जीआईएचएम एवं विभिन्न संस्थाओं के द्वारा फूड कोर्ट में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट, पौष्टिक पैक्ड फूड की व्यवस्था की गयी। इस अवसर पर बागवानी विकास परिषद के उपाध्यक्ष राजकुमार, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव श्री राज्यपाल श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, निदेशक उद्यान दीप्ति सिंह सहित उद्यान विभाग के अधिकारी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मैं भारत हूं भारत है मुझमें ,मैं ताकत हूं ताकत है मुझमें

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग कराये जाने के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी वंदना ने एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी के सभागार में जनपद अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ बैठक की।इस अवसर पर मतदाता जागरूकता के लिए बनाए गए सॉन्ग मैं भारत हूं, भारत है मुझमें,, मैं ताकत हूं, ताकत है मुझमें, मतदान करने जाएंगे' को जिलाधिकारी द्वारा लांच किया गया । भारत के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से जुड़े मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामित जनपद नोडल अधिकारी श्री प्रताप शाह ने कंट्रोल रूम के इंचार्ज को निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की ट्रेनिंग होना अनिवार्य है, उनके द्वारा जानकारी देते समय असपष्ट जवाब न दे जाए। इसके साथ सभी नोडल अधिकारी शत प्रतिशत





मतदान करने और लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी करें।चुनाव के दौरान सभी मॉडल अधिकारी आपस में समन्वय बनाए रखें और एक दूसरे की सहयोग करें। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैड का प्रदर्शन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी में सभी नोडल अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही जनपद के समस्त सम्माननीय पत्रकारों से भी मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील की। प्रत्येक व्यक्ति को अपने मतदान का सही इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। जिलाधिकारी ने जनता से भी अपील की है कि अपने अधिकार को जाने मतदान का महत्व पहचाने, आप मतदाता हैं, भारत के भाग्य विधाता हैं। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्ष को निर्देश दिए कि उनके कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों का डेटाबेस तैयार कर लें और यह भी सुनिश्चित करने की कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों का नाम मतदाता सूची में है या नहीं और किस विधानसभा से संबंधित हैं, प्रत्येक कर्मचारी का मतदान करना अवश्य है।सामान्य निर्वाचन- 2024 में सभी विभागीय अधिकारी/कर्मचारी सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। सभी विभागीय अधिकारियों मतदान के लिए अपने आस-पास के लोगों और कार्यालय में आने वाले आगंतुको को जागरूक करेंगे। इसके साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने- अपने वाहनों पर वोट मेरा अधिकार पेपर/स्टीकर चस्पा किए गए । इस अवसर पर नोडल अधिकारी स्वीप/ मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे,उपनिर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी एफआर चौहान, सहायक नोडल अधिकारी एमसीसी/नगर आयुक्त विशाल मिश्रा सहित समस्त नोडल अधिकारी/ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामनगर महाविद्यालय में बन रहा ओपन एयर थियेटर

रामनगर (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले के रामनगर महाविद्यालय में 14 लाख रुपये की लागत से क्षेत्र का पहला ओपन एयर थियेटर बनने जा रहा है। महाविद्यालय में ओपन एयर थियेटर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। बता दें कि पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में ओपन एयर थियेटर का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है,और यह क्षेत्र का पहला ओपन थियेटर है।जिसमे महाविद्यालय के छात्र छात्राएं कई रंगमंच के कार्यक्रमों का खुले में मंचन के साथ ही कई कार्यक्रमों का खुले में आयोजन कर सकते है। इस विषय मे जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम. सी.पाण्डे ने बताया कि ओपन एयर थियेटर बनने से छात्र छात्राओं में थियेटर सम्बन्धी प्रतिभा का विकास होगा। उन्होंने कहाँ कि इसके बनने से महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने खुशी जाहिर की है। प्राचार्य ने कहाँ कि यह ओपन थियेटर रंगमंच की विभिन्न विधाओं को सीखने का एक अविस्मरणीय प्लेटफॉर्म होगा। छात्र-छात्राएं इसके माध्यम से नाटक एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का कुशल आयोजन एवं मंचन इस खुले रंगमंच पर बखूबी कर सकेंगे। प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डे ने रूसा की मदद से बनने वाले इस ओपन एयर थियेटर का प्रभारी डॉ. योगेश चन्द्र को बनाया है। रामनगर महाविद्यालय में बनने वाला यह ओपन एयर थियेटर नैनीताल जनपद के महाविद्यालयों में सबसे पहला थियेटर होगा। बता दें कि रामनगर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा रंगमंच की विधा को छात्र छात्राओं में विकसित करने हेतु इसके निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति मिलने पर निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है। अब महाविद्यालय में संगीत विषय की शिक्षा के साथ साथ ही इस थियेटर के माध्यम से विद्यार्थी अपना कैरियर बनाने में सक्षम होंगे,प्राचार्य ने बताया कि इस थियेटर की क्षमता 550 व्यक्तियों के बैठने की होगी।



## सीवर का पानी घरों में भरने से लोग परेशान

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नगर के रैलापाली इलाके में लोक निर्माण विभाग की कालोनी से सीवर का गन्दा पानी रास्ते में बह रहा है जिस कारण इस रास्ते से जाने वाले सैकड़ों लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग की कालोनी के सीवर टैंक का पानी भी लोगों के घरों में घुस रहा है।लोगों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विगत छः माह से लगातार इसकी सूचना दी जा रही है, लेकिन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। सैकड़ों लोग इस रास्ते पर निर्भर हैं लेकिन फिर भी लोक निर्माण विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।चारों ओर से निराश होने पर जब स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक को दी तो वे तत्काल आज मौके पर पहुंचे और स्थिति का मुआयना किया।रास्ते और लोगों के घरों में लोक निर्माण विभाग की कालोनी से रिस कर पहुंच रहा सीवर का पानी देखकर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने तत्काल वहीं से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दूरभाष कर सम्पर्क कर मौके पर बुलाया।लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मुआयना करवाने के बाद पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो वे विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल देंगें।इससे पहले कर्नाटक ने तुरन्त रास्ते पर बह रहे सीवर के गन्दे पानी की सफाई करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा।इस अवसर रैलापाली क्षेत्र के हरी राम,धनी राम,अम्बी राम,नारायण सिंह,



आनन्द सिंह अधिकारी,प्रदीप टम्टा,राजेश भोज,गोपाल राम, नारायण सिंह बिष्ट सहित दर्जनों स्थानीय लोगों के अलावा श्री कर्नाटक के साथ देवेन्द्र कर्नाटक,हेम जोशी, हिमांशु कनवाल, प्रकाश सिंह सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भवाली में खाई में गिरी बाइक, दो युवकों की मौत

अल्मोड़ा। भवाली में हुए सड़क हादसे में भैंसियाछाना के कनारीछीना, हटोला निवासी दो युवकों राजेंद्र सिंह और पुष्कर सिंह की मौत हो गई। रुद्रपुर में नौकरी करने वाला राजेंद्र सिंह गांव के ही अपने साथी पुष्कर के साथ छोटे भाई के जनेऊ संस्कार में शामिल होने गांव पहुंचा। हंसी-खुशी, गाना-बजाने के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ और दूसरे दिन साथी के साथ नौकरी में लौटा। घर से सिर्फ किमी दूर पहुंचने पर मौत दोनों पर झपटी और सड़क हादसे में उन्हें जान गंवानी पड़ी। जानकारी के मुताबिक रुद्रपुर में एक कंपनी में काम करने वाले राजेंद्र अपने छोटे भाई के जनेऊ संस्कार में शामिल होने अपने साथी पुष्कर के साथ बाइक से तीन दिन पूर्व गांव लौटा था। घर में खुशी का माहौल था और परिजनों के साथ नाच-गाने के साथ उसने भाई का जनेऊ संस्कार का कार्यक्रम संपन्न कराया। शुक्रवार को दोनों साथी नौकरी के लिए वापस लौटे। परिजनों ने दोनों को हंसी-खुशी विदा किया। लेकिन उन्हें यह मालूम नहीं था कि दोनों हमेशा के लिए उन्हें अलविदा कर हमेशा के लिए उनसे दूर हो जाएंगे। घर से 97 किमी दूर भवाली के पास सड़क दुर्घटना में दोनों की मौत हो गई। जिस घर और गांव में एक दिन पूर्व जश्न का माहौल था, अब वहां मातम पसरा है। बड़े भाई की मौत से छोटा भाई सदमे में है। मां बदहवास है तो पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण भवाली रवाना हुए।

## विधि विधान से स्थापित हुई शनि देव की मूर्ति

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 6 स्थित मंदिर में शनि देव महाराज की विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर भंडारा भी आयोजित किया गया। जगतपुरा वार्ड नंबर 6 में स्थित मंदिर में विधि विधान से शनिदेव महाराज की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और श्री शनिदेव महाराज का आशीर्वाद लिया ।इस अवसर पर मौजूद रहे प्रवेश शर्मा, रूद्र शर्मा, अर्जुन कुमार महेश्वरी, मोनू शर्मा, नवीन मेहरा, सोनू, चंदन मिश्रा, मोहित आदि मौजूद थे।



## पेज एक का शेष...

**शक्तिशाली भारतीयों की ...** केजरीवाल इस सूची में 18वें स्थान पर हैं ।इसके अलावा देश के 100 शक्तिशाली लोगों की सूची में दूसरे नंबर पर गृहमंत्री अमित शाह, तीसरे नंबर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष मोहन भागवत ,चौथे स्थान पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़,पांचवें स्थान पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ,छठवें स्थान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सातवें स्थान पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आठवें स्थान पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, नवे स्थान पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा दसवें स्थान पर101 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ अडाणी समूह के साम्राज्य के मालिक गौतम अडानी काबिज हैं। जबकि उनके प्रतिद्वंदी और रिलायंस समूह के मलिक मुकेश अंबानी को 11वें स्थान से संतोष करना पड़ा है।

**खेत से युवती को ...** हुआ एक कपड़ा, चप्पल और फोन का कवर पड़ा मिला। साथ ही आस पास गुलदार के पद चिन्ह भी देखे गये। जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि सुमन को गुलदार उठा ले गया है। सूचना पर वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में 50 से ज्यादा कर्मचारियों और ग्रामीणों की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। देर रात तक टीम टार्च व ग्रामीण जलती मशालों के साथ जंगल में खोजबीन करते रहे लेकिन सुमन का पता नहीं चल सका। ग्रामीणों के मुताबिक खेत में तेंदुए या बाघ के पैरों के निशान दिखाई दे रहे हैं। सुमन का मोबाइल भी नहीं मिल सका है। मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। समाचार लिखने तक युवती की खोजबीन जारी थी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से गुलदार और बाघ का आतंक बना हुआ है।

**मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ..**तक की यात्रा में वह फतेहपुर (यूपी), टिहरी व देहरादून की जिलाधिकारी भी रह चुकी हैं। शासन में उन्होंने गृह, वित्त, कार्मिक, महिला सशक्तीकरण में बाल विकास सरीखे अहम विभाग देखे। अभी वह मुख्यमंत्री कार्यालय, गृह और एसएडी की जिम्मेदारी देख रही थीं।

**कांग्रेस की स्क्रीनिंग...**हुए। इसी बीच सूचना मिली कि बैठक टल गयी है जिस पर प्रदेश अध्यक्ष को मेरठ से वापस लौटना पड़ा। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक अब पांच मार्च को दिल्ली में होगी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माहरा और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सम्मिलित होंगे।

## बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

रामनगर(उद संवाददाता)।शहर में आसपास के इलाकों के अलावा पर्वतीय इलाकों में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रामनगर कोतवाली पुलिस में नगर के विभिन्न इलाकों के साथ ही आम डंडा इलाके में पर्वतीय क्षेत्र से आने जाने वाले सभी वाहनों की सघन चेकिंग करने के साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने कई वाहन चालकों की एल्कोमीटर के माध्यम से जांच भी की जिसमें कुछ चालक शराब का सेवन करते हुए पाए गए जिनके खिलाफ पुलिस ने संबंधित धारा के तहत चालान काटने की कार्रवाई की। रामनगर कोतवाली के एस एस आई मोहम्मद यूनुस ने बताया सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह अभियान चलाया गया है तथा लगातार यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट वाहन चलाने के साथ ही यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ चालान कर जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही शराब पीकर वाहन न चलने तथा बिना हेलमेट के वहां न चलने की लोगों से अपील की है।

## गेहूं का एमएसपी 150 रुपये बढ़ा

देहरादून। प्रदेश सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य इस साल 150 रुपये बढ़ाकर 2125 से 2275 रुपये प्रति कुंतल कर दिया है। एक अप्रैल से रबी फसल की खरीद शुरू हो जाएगी। खाद्य आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या ने शुक्रवार को विभागीय समीक्षा बैठक में 31 मार्च तक खरीद की तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को यमुना कॉलोनी स्थित अपने कैंप कार्यालय में मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ खाद्य विभाग की महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को अहम दिशा-निर्देश दिए। इस वर्ष रबी की फसल की खरीद एक अप्रैल से शुरू होकर जून माह तक चलेगी। इस वर्ष गेहूं की फसल का लक्ष्य 50 हजार मीट्रिक टन रखा गया है। फसल किसानों के बेचने के 72 घंटे के भीतर भुगतान का भी निर्देश मंत्री ने दिया है।

## पूर्व राज्यपाल डॉ. अजीज कुरैशी के निधन पर शोक व्यक्त

देहरादून (उद संवाददाता) ।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तराखण्ड के पूर्व राज्यपाल डॉ. अजीज कुरैशी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. कुरैशी देवभूमि उत्तराखण्ड में वर्ष 2012 से वर्ष 2015 के मध्य राज्यपाल के पद पर रहे और उनका सेवाभाव यहां के लोगों के स्मृतियों में सदैव रहेगा। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।


### सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम शोभित हरेन्द्र नाथ रॉय (SHOBHIT HARENDRA NATH ROY)था अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके शोभित एच एन रॉय (SHOBHIT H N ROY) रख लिया है। भविष्य में अब से मुझे हर मौके पर, हर विवरण में मेरे नये नाम शोभित एच एन रॉय (SHOBHIT H N ROY) से ही सम्बोधित करें।

शोभित एच एन रॉय पुत्र श्री हरेन्द्र नाथ रॉय
निवासी-ए-116, सिटी वन फेस-1,
भूरारानी, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# हिंसा में शामिल पांच महिलाएं गिरफ्तार

हल्द्वानी। हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा मामले में पुलिस ने 50 साल की बुजुर्ग महिला और मां-बेटी सहित कुल पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है। उन पर पथराव, आगजनी और लोक सेवकों को जान से मारने की कोशिश का आरोप है। पुलिस ने महिलाओं पर बलवा सहित घटना के लिए साजिश करने और आग से नुकसान पहुंचाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अब गिरफ्तार उपद्रवियों की संख्या 89 हो गई है। मलिक का बगीचा निवासी शमशीर और उसकी मां शहनाज पत्नी स्व. जमील अहमद, सोनी पत्नी नाजिम मिकरानी, सलमा पत्नी नफीस अहमद और इंदिरा नगर निवासी रेशमा पत्नी मो. यामीन को जेल भेज दिया गया है। एसएसपी कैंप कार्यालय में एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि बनभूलपुरा क्षेत्र के मलिक का बगीचा में 8 फरवरी को अतिक्रमण हटाने के दौरान उपद्रवियों ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम और मीडियाकर्मियों पर पथराव किया था। इसके साथ ही आगजनी और गोलीबारी की हिंसक घटना भी की। इस पर बनभूलपुरा थाने में तीन मुकदमे दर्ज कराए गए थे। मुकदमा संख्या 23/24 नगर निगम की ओर से दर्ज कराया गया था। इसके बाद पुलिस ने पहले मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही करीब 84 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं क्षेत्र में महिलाओं पर भी पथराव और आगजनी में सहयोग करने के आरोप थे। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी और अन्य सबूतों को खंगालना शुरू किया। घटना में शामिल महिलाओं को चिह्नित किया गया। इसके बाद पुलिस ने पांच महिलाओं को मामले में गिरफ्तार किया है। इन महिलाओं में मां-बेटी भी शामिल हैं, जिनके पति और पिता की पूर्व में मौत हो चुकी है। वहीं एक महिला 50 वर्ष की है, जबकि दो महिलाएं 45 और एक महिला 33 साल की है। पुलिस ने इनके खिलाफ आईपीसी धारा 147, 148, 307, 332, 353, 435, 427, 120 बी, 3/4 लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मेडिकल परीक्षण के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है।





# वॉलीबॉल में गौरीखेड़ा और खो खो में मलपुरा टीम रही विजयी

सितारगंज(उद संवाददाता)। नेहरू युवा के जिला युवा अधिकारी आशीष पाल के निर्देशन पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शमा परवीन, रश्मि राणा ने मलपुरा गांव में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया। जिसमें गोरीखेड़ा की टीम वॉलीबॉल में प्रथम रही और खो-खो में मलपुरा की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मलपुरा में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ अरविंद सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती अनीता, बीडीसी रीना देवी, वार्ड मेंबर मनोज, भाजपा नेता अरविंद चौरसिया ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित, पुष्प अर्पित कर किया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, खो-खो दौड़ व लंबी कूद में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गौरीखेडा की टीम प्रथम स्थान पर रही, खो-खो में मलपुरा की टीम ने प्रथम, दौड़ व लंबी कूद में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। हेड कांस्टेबल राजेंद्र रौतेला, कांस्टेबल मनोज कुमार बेबीनाज, एनएसएस स्वयंसेवक मोहम्मद हामिद व अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।




# परिवहन मजदूर संघ की बैठक में उठी संविदा कर्मियों को नियमित करने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराचल परिवहन मजदूर संघ कुमाऊं क्षेत्र की बैठक हल्द्वानी स्टेशन में क्षेत्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह विष्ट की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक परिवहन मजदूर संघ के बर्तमान अध्यक्ष उमेश जोशी को भारतीय मजदूर संघ उत्तराखण्ड का प्रदेश अधक्ष चुने जाने पर उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक का सचालन क्षेत्रीय मंत्री रामप्रीत यादव ने करते हुए बताया कि आज परिवहन निगम का इस बेड़ा लगभग समाप्त हो रहा है पर्वतीय मार्ग की सेवाएं वस बेडा न होने के कारण बन्द हो चुकी हैं। सरकार से मांग की गयी कि परिवहन निगम को बजट से 500 बसों की धनराशि आवंटित कर चार धाम यात्रा से पूर्व उपलब्ध कराये जाय। बैठक में प्रदेश संगठन अंन्नी बाल कृष्ण शर्मा ने मांग रखी कि परिवहन निगम में कार्यरत संविदा विशेष श्रेणी के चालक परिचालकों एवं कार्यशाला कार्मिकों को सरकार यथाशीघ्र नियमित करे। परिवहन निगम में पर्वतीय मार्गो पर संचालन हेतु छोटी बसे उपलध कराई जाएं। प्रदेश महामंत्री बीएम सुयाल तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्षा लीला बोरा में मांग की कि परिवहन निगम कार्यशाला में पार्टस टायरों की आपूर्ति किया जाए तथा निगम व्याप्त कथित भ्रष्टाचार की जांच कराई जाये, और परिवहन निगम को पूर्व की भांति राजकीय परिवहन घोषित किया जाये। उन्होंने कहा यदि सरकार ने उनकी मांगों का समाधान नहीं किया तो संगठन को आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा। बैठक में मार्च 2024 में कुमाऊं क्षेत्र की विभिन्न डिपो की नयी कार्यकारिणी गठन की घोषणा की गयी। बैठक में अल्मोडा, रानीखेत, भवाली, काठगोदाम, रामनगर काशीपुर, रुद्रपुर, हल्द्वानी डिपो से, नवतील कपिल, संजय, प्रेम दुमका, भुवन शर्मा, सीमा सिह, लीला बोरा, लक्ष्मण रजवार, मीना जोशी, ललित पांडे, रुप सिंह, धर्मवीर सिंह, रामप्रीत यादव, महेश दफोटी, वीरेंद सिंह, तारा जोशी, श्रवण कुमार,नवीन सिंह नेगी आदि उपस्थित रहे।



# व्यापार मंडल का कार्यकाल पूर्ण होने पर बताई उपलब्धियां

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की गदरपुर इकाई का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने पद मुक्त होने की घोषणा कीं। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने अपने कार्यकाल में सामाजिक एवं व्यापारी हित में किये गये कार्यो का उल्लेख किया। व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा के प्रतिष्ठान पर आयोजित पत्रकार वार्ता में व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, महामंत्री संदीप चावला एवं कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा ने संयुक्त रुप से अपने पदों से मुक्त होने व कार्यकाल समाप्त होने की घोषणा की। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने व्यापार मंडल के चुनाव होने तक व्यापार मंडल को पूर्व की भॉति चलाने की संस्तुति की गयी। इसके उपरान्त व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने तीन वर्ष के कार्यकाल में सामाजिक कार्य एवं व्यापारी हित में किये गये कार्यो पर भी प्रकाश डाला। जिसमें प्रमुख रुप से बाईपास के संघर्ष में लगातार साथ चलना और वायदे के अनुसार मुख्य मार्ग के दोनों ओर टाइल्स ऊंची कराई गयी। कहा कि नगर पालिका के साथ मिलकर पानी के प्याऊ लगवाये गये। कोरोना काल में मरीजों को ऑक्सीजन सिलेंडर व ऑक्सीमीटर कम लागत में उपलब्ध कराये गये। सभी व्यापारियों को साथ लेकर चले। उनके द्वारा व्यापारी हित में जीएसटी, ऊर्जा निगम एवं अन्य विवादों को निपटाया गया उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल में महिलाओं को सम्मान देने के साथ तीन महिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने पॉलिथीन थर्माकोल एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं का प्रयोग न करने की अपील करते हुए पालिका प्रशासन का सहयोग देने का व्यापारियों से आह्वान किया। पर्यावरण संरक्षण से संबंधित सवाल पूछे जाने पर कहा कि नगर पालिका प्रशासन को मुख्य मार्ग के दोनों और दुकानों की साइड में वृहद वृक्षारोपण किये जाने का निवेदन किया गया था जिसके लिए व्यापार मंडल भी पूर्ण सहयोग करता,जिस संबंध में पालिका प्रशासन द्वारा अगले बजट में मुख्य मार्ग के दोनों ओर व्यापारियों और दुकानदारों की सहमति से पौधे लगाए जाने की बात कही थी जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सभी व्यापारी का भी सहयोग देने एवं गदरपुर के मीडिया द्वारा भी समय-समय पर सहयोग देने पर आभार जताया और कहा वह आगे भी इसी प्रकार के सहयोग से सामाजिक एवं व्यापारी हित में कार्य करते रहेंगे।



